झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा

संख्या-08

द्वितीय सत्र(बजट)

गुरुवार, दिनांक-12 मार्च, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.40 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1. प्रश्न काल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-09

(i) उत्तरित कुल-02- अ० सू०-69, श्री बादल, स० वि० स०,

अ० सू०-70, श्री राज सिन्हा, स० वि० स०।

(विषय की गम्भीरता को देखते हुए माननीय सदस्य, श्री राज सिन्हा के उक्त प्रश्न के आलोक में विशेष समिति बनाये जाने की घोषणा आसन से की गयी।)

(ii) स्थगित कुल-03-अ० सू०-68, श्री बिरंची नारायण, स० वि० स०,

अ० सू०-71, श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०,

अ० सू०-72, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०।

(iii) अनागत कुल-04-अ० सू०-73 से अ० सू० 76 तक।

(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-85

(i) उत्तरित कुल-07-तारांकित-212, श्री रघुनन्दन मण्डल, स० वि० स०,

तारांकित-213, श्रीमती जोबा माँझी, स० वि० स०,

तारांकित-214, श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,

तारांकित-215, श्री शिवशंकर उराँव, स० वि० स०,

तारांकित-216, श्री योगेश्वर महतो, स० वि० स०,

तारांकित-217, श्री शशिभूषण सामाड़, स० वि० स०,

(माननीय सदस्य, श्री दशरथ गागराई अधिकृत)

तारांकित-218, श्री प्रकाश राम, स० वि० स०।

(ii) अनागत कुल-78-तारांकित-219 से 296 तक।

2.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी -

श्री विदेश सिंह,

श्री राज कुमार यादव,

क्र० पृ० उ०

श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता,
श्री नागेन्द्र महतो,
डॉ० अनिल मुर्मू,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री आलमगीर आलम,
श्री बादल,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्री दशरथ गागराई,
श्री योगेन्द्र प्रसाद,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री प्रकाश राम,
श्री नारायण दास,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री प्रदीप यादव,
श्री केदार हजरा,
श्री राज सिन्हा,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्रीमती सीता सोरेन,
श्री अरुप चटर्जी।

3.सूचनाओं का दिया जाना:-

i- धनबाद मेडिकल कॉलेज में स्लाईन बिजली के पोल में लटककर मरीजों को चढ़ाये जाने की ओर माननीय सदस्य, श्री राज सिन्हा ने आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

ii- माननीय सदस्य, श्री जगरनाथ महतो ने अपने क्षेत्र में हाथियों द्वारा उत्पात मचाये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाये जाने हेतु आग्रह किया,

iii- माननीय सदस्य, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने रमकण्डा प्रखण्ड में छोटे-छोटे गिरोहों द्वारा सामान्य व्यक्तियों से भी लेवी वसूले जाने सम्बन्धी जानकारी आसन को दी,

iv- माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण ने अपने क्षेत्र में सरकारी अस्पतालों में सिविल सर्जन के अभाव की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

v- झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पाँचवी सिविल सेवा परीक्षा में अनियमितता सम्बन्धी जाँच की माँग माननीय सदस्य श्री बादल ने की,

vi- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा अलबर्ट एक्का की प्रतिमा के सामने गंदगी को हटाये जाने का आग्रह किया गया,

vii- झरिया में गरीबों के जर्जर हो चुके इंदिरा आवास की मरम्मति हेतु माननीय सदस्य, श्री संजीव सिंह द्वारा आग्रह किया गया,

viii- जैक में हुई नियुक्ति विषयक गठित विधान सभा की समिति में राज्य के JAP IT में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कम्प्यूटर ऑपरेटरों के स्थायीकरण सम्बन्धी मामले को भी सम्मिलित करने हेतु आसन से आग्रह किया गया।

4.ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य:-

i- श्री अनन्त कुमार ओझा, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया।

ii- श्री आलोक कुमार चौरसिया, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया।

iii- श्री बिरंची नारायण एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया।

iv- श्री अशोक कुमार एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी परन्तु वक्तव्य पूरा नहीं होने के कारण इसे स्थगित किया गया।

5.वित्तीय कार्य:-

श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी, प्रभारी मंत्री द्वारा "**जल संसाधन विभाग**" से सम्बन्धित माँग पेश की गयी।

श्री प्रदीप यादव, स0 वि0 स0 द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

6.वित्तीय कार्य(क्रमांक-5 से जारी):-

उपर्युक्त मांग पर श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

1. श्री राधाकृष्ण किशोर,
2. श्री स्टीफन मराण्डी,
3. श्रीमती विमला प्रधान,
4. श्री आलमगीर आलम,
5. श्री फुलचन्द मण्डल,
6. श्री चम्पाई सोरेन,
7. श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
8. श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता,

(इस अवसर पर सभा की सहमति से सरकार के उत्तर पर्यन्त आसन द्वारा सदन का समय विस्तारित किया गया।)

9. श्री मनोज कुमार यादव,
10. श्री कुणाल षडंगी एवं
11. श्री राज कुमार यादव।

क्र०पृ०उ०

सरकारी उत्तर के दौरान माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव ने सदन का परित्याग किया। तदुपरांत श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव सभा द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा **''जल संसाधन विभाग''** से सम्बन्धित माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही दिनांक- 13 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,

दिनांक- 12 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।